Email - sonekikalam@gmail.com
आर.एन.आई. रजि. नं. 52089

# सोने की कलम

प्रधान सम्पादक – चेतन गन्धे , 9893157809
www.sonekikalamnews.com

वर्ष - 34 अंक - 5 (साप्ताहिक, प्रत्येक गुरुवार) इन्दौर, 13 मार्च 2025 से 19 मार्च 2025 मूल्य 1 रुपये पृष्ठ 4

# बजट भाषण में वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा का शायराना अंदाज

## हमारी कुछ नई आजमाइशें हैं; आंकड़े नहीं, विश्वास लिखा है, हमने अब आकाश लिखा है...





**भोपाल। वित्त मंत्री श्री जगदीश देवड़ा ने बजट पेश किया। उनके 1 घंटे 33 मिनट के बजट भाषण के बीच विपक्ष ने टोका-टाकी की। वित्त मंत्री ने अपने भाषण के दौरान शेरो-शायरी भी सुनाई। संस्कृत के श्लोक भी पढ़े। सत्ता दल के विधायक उनके भाषण के बीच टेबल बजाकर अपना समर्थन देते नजर आए तो विपक्ष के विधायक बार-बार खड़े होकर आपत्ति लेते रहे।**

वित्त मंत्री आगे खड़े होकर बजट भाषण दे रहे थे, जबकि उनके बगल में बैठे नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय उत्साहित नजर आए। विजयवर्गीय भाषण के बीच कमेंट करते दिखे। जिस पर सीएम डॉ. मोहन यादव और डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला मुस्कुराते हुए नजर आए।

विजयवर्गीय ने वित्त मंत्री का भाषण सुन कहा कि कमाल है, जय जगदीश हरे। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने वायु सेवा की जानकारी देने के दौरान वित्त मंत्री को टोका और टिप्पणी की कि पहले हवाई पट्टी से गोबर तो उठा लो। इसमें कोई नया विजन नहीं है।

वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने अपने बजट भाषण की शुरुआत गीता के इस श्लोक से की...

**न त्वहं कामये राज्यं न मोक्षं न स्वर्गं नापुनर्भवम्**
**कामये दु:खतप्तानां प्राणिनामार्तिनाशनम्।।**

उन्होंने इसका अर्थ भी बताया- मैं राज्य की कामना नहीं करता, मुझे स्वर्ग और मोक्ष नहीं चाहिए। दु:ख में पीड़ित प्राणियों के दु:ख दूर करने में सहायक हो सकूं, यही मेरी कामना है।

**यही जुनून, यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दूं जहां अंधेरा है...**

युवा वर्ग और छात्रों की बात की तो एक और श्लोक पढ़ा...

**विद्या ददाति विनयं, विनयाद् याति पात्रताम्।**
**पात्रत्वात् धनमाप्नोति, धनात् धर्मं ततः सुखम्।**

विद्या विनम्रता प्रदान करती है, विनम्रता से पात्रता (योग्य बनना) आती है, पात्रता से धन प्राप्त होता है, धन से धर्म होता है और अंतत: धर्म से सुख मिलता है।महिलाओं से जुड़ी योजनाएं बताते हुए वित्त मंत्री ने तीसरा श्लोक पढ़ा...

**यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता:।**
**यत्रैतास्तु न पूज्यन्ते सर्वास्तत्राफला: क्रिया:।।**

अर्थ-जहां स्त्रियों की पूजा होती है वहां देवता निवास करते हैं और जहां स्त्रियों की पूजा नहीं होती है, उनका सम्मान नहीं होता है वहां किए गए समस्त अच्छे कर्म निष्फल हो जाते हैं।

इस श्लोक के बाद सत्ता पक्ष के विधायकों ने कहा कि खजाना लुटा दिया।

शेरो-शायरी के जरिए सरकार के इरादे बताए

1. यही जुनून यही एक ख्वाब मेरा है, वहां चिराग जला दू जहां घना अंधेरा है।

शायरी सुन नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा-कमाल है। तालियां...

2. बजट नया है, पर शामिल कुछ पुरानी ख्वाहिशें हैं,

प्रस्तावित बजट में, हमारी कुछ नई आजमाइशें हैं,

जनता व जन प्रतिनिधियों की बेशुमार फरमाइशें हैं

कर सकें हम सभी पूरी, ये हमारी कोशिशें हैं।

इस शायरी पर सत्ता पक्ष के विधायक बोले-क्या बात है, वाहज्वाहज्जय जगदीश हरे

वित्त मंत्री ने बजट भाषण शायरी के साथ ही खत्म किया...

3. आंकड़े नहीं, विश्वास लिखा है,

हमने अब आकाश लिखा है।

सत्ता पक्ष के विधायकों ने मेजें थपथपाकर बजट का समर्थन किया....

विपक्ष की टोका-टाकी, बीच में पूछे सवाल

बजट भाषण के दौरान विपक्ष के सदस्यों ने टोका-टाकी भी की और टिप्पणियां भी की...

कांग्रेस विधायक बाला बच्चन ने वित्त मंत्री को भाषण के बीच में टोका कहा- महिलाओं को रोजगार मिलना चाहिए। इस पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा- आपको बोलने का मौका मिलेगा। अभी मत टोकिए। इसे रिकॉर्ड में नहीं लिया जाएगा। करीब 3 बार विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हें टोकने से रोका।

वित्त मंत्री जल जीवन मिशन के तहत जानकारी दे रहे थे, तभी कांग्रेस विधायक और नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा- भ्रष्टाचार और घोटालों की जांच तो करवा लो।

वित्त मंत्री ने भाषण के दौरान कहा कि नया टैक्स नहीं लगाया है। इस पर कांग्रेसी विधायक बोले-ये भी बता दीजिए कि कर्ज कब कटेगा।

# उज्जैन में महाकाल के आंगन में प्रदोषकाल में होलिका दहन

**उज्जैन। ज्योतिर्लिंग महाकाल मंदिर में फाल्गुन पूर्णिमा पर गुरुवार को रंगोत्सव का शुभारंभ होगा। शाम 7.30 बजे भगवान महाकाल की संध्या आरती के बाद प्रदोषकाल में होलिका का पूजन होगा। पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के साथ होलिका का दहन किया जाएगा।**



अगले दिन शुक्रवार को तड़के चार बजे भस्म आरती में मंदिर की परंपरा अनुसार रंगोत्सव मनेगा। मंदिर समिति की ओर से पुजारी भगवान महाकाल को एक किलो हर्बल गुलाल अर्पित करेंगे।

मंदिर प्रशासक एडीएम प्रथम कौशिक ने बताया महाकाल मंदिर में होली का त्योहार परंपरा अनुसार हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। फाल्गुन पूर्णिमा पर गुरुवार शाम 7.30 बजे मंदिर परिसर में ओंकारेश्वर मंदिर के सामने पारंपरिक होलिका पूजन व दहन होगा। इससे पूर्व संध्या आरती में भगवान महाकाल की विशेष पूजा होगी।

पुजारी भगवान को एक किलो हर्बल गुलाल अर्पित करेंगे। भगवान की आरती के उपरांत पुजारी, पुरोहितों द्वारा परिसर में होलिका का पूजन तथा दहन किया जाएगा। इस दौरान परिसर में भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम रहेंगे। गैर जरूरी लोगों को रुकने नहीं दिया जाएगा।

रंगोत्सव मनेगा, हुड़दंग पर प्रतिबंध

शुक्रवार को धुलेंडी पर तड़के चार बजे भस्म आरती में रंगोत्सव मनाया जाएगा। पुजारी भगवान महाकाल को मंदिर समिति की ओर से प्रदत्त एक किलो गुलाल अर्पित कर रंगोत्सव मनाएंगे। इस दौरान नंदी, गणेश व कार्तिकेय मंडपम में बैठे भक्त राजा महाकाल के राजसी वैभव का दर्शन करेंगे।




# संपादकीय

## बलूचिस्तान के मुद्दे पर पाकिस्तान की बढ़ती मुश्किलें

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में लंबे समय से एक राजनीतिक और सैन्य संघर्ष चल रहा है, जिसे अब और भी जटिल होता जा रहा है। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) और अन्य बलूच विद्रोही गुटों ने पाकिस्तान सरकार और सेना के खिलाफ अपनी सक्रियता को बढ़ा दिया है। बीएलए की ताजा कार्रवाइयां और रणनीतियां इस बात का इशारा करती हैं कि पाकिस्तान के लिए बलूचिस्तान एक बड़ा संकट बन चुका है, जिससे निजात पाना आसान नहीं है।



चेतन गन्धे
9893157809
सम्पादक

बलूचिस्तान का संघर्ष 1947 में पाकिस्तान के निर्माण के बाद से जारी है। पाकिस्तान के गठन के समय बलूचिस्तान को एक स्वतंत्र राज्य के रूप में शामिल किया गया था, लेकिन बाद में इसे पाकिस्तान का हिस्सा बना लिया गया। इसके बाद से ही बलूचिस्तान में असंतोष और विद्रोह की भावना बढ़ने लगी। बलूच नेताओं का आरोप है कि पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान के संसाधनों का शोषण किया और यहां के लोगों के अधिकारों का उल्लंघन किया। समय के साथ यह संघर्ष और तेज हुआ, खासकर 1970 के दशक में, जब बलूचिस्तान के लोगों ने पाकिस्तान सरकार के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष छेड़ दिया। उस समय से लेकर अब तक, यह संघर्ष चलता आ रहा है। बलूच विद्रोहियों का मुख्य उद्देश्य बलूचिस्तान को पाकिस्तान से अलग करके एक स्वतंत्र राज्य की स्थापना करना है।

हाल के वर्षों में बीएलए और अन्य बलूच विद्रोही गुटों ने अपनी रणनीतियों में काफी बदलाव किया है। पहले ये गुट मुख्य रूप से पारंपरिक युद्धों और बड़े हमलों पर निर्भर करते थे, लेकिन अब इन्होंने छोटे, तेज़ और प्रभावी हमलों को अपनी रणनीति का हिस्सा बना लिया है। बीएलए के सदस्य अब पाकिस्तान के सुरक्षा बलों और नागरिक ठिकानों पर आतंकवादी हमले करते हैं, और ऐसे हमले कहीं भी, कभी भी हो सकते हैं।

बीएलए ने अपनी सैन्य क्षमता को काफी बढ़ा लिया है और अब यह पाकिस्तान की सेना और पुलिस के लिए एक गंभीर चुनौती बन चुका है। बीएलए के हमले, जैसे हाल ही में हुए रेलगाड़ी पर हमले, यह साबित करते हैं कि वे पाकिस्तान के भीतर कहीं भी घुसकर हमला कर सकते हैं और वहां के नागरिकों की जान खतरे में डाल सकते हैं। मंगलवार को बीएलए के हमले में चार सौ लोग सवार थे, और यह हमले ने पाकिस्तान के सुरक्षा तंत्र को न केवल झकझोर दिया, बल्कि पूरे देश में असुरक्षा का माहौल पैदा कर दिया।

पाकिस्तान के लिए बलूचिस्तान में विद्रोह एक बहुत बड़ा राजनीतिक और सैन्य संकट बन चुका है। पाकिस्तान की सरकार और सेना ने बलूच विद्रोहियों के खिलाफ कई अभियानों की शुरुआत की है, लेकिन इन अभियानों के बावजूद विद्रोह की आग नहीं बुझी है। पाकिस्तान के लिए एक और बड़ी चुनौती यह है कि बलूचिस्तान में असंतोष का एक बड़ा हिस्सा पाकिस्तान के अन्य हिस्सों से भी जुड़ा हुआ है।

# महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में लगाई गई एक करोड़ रुपये लागत से 10 नई डायलिसिस मशीनें

### चिकित्सालय की पाँचवीं मंजिल पर किया गया नई डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण

**चिकित्सालय में अब हुई कुल 18 आधुनिक डायलिसिस मशीनें**




◆**इंदौर, सोने की कलम।** इंदौर के महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इन्दौर की पाँचवीं मंजिल पर डायलिसिस यूनिट का लोकार्पण गत दिवस किया गया। महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय इन्दौर में रोटरी क्लब बैंगलोर इंदिरा नगर एवं पंजाब नेशनल बैंक हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के सहयोग से प्राप्त 10 नई उन्नत तकनीकी वाली हीमोडायलिसिस मशीनों के साथ में नई विस्तारित डायलिसिस यूनिट का उद्घाटन किया गया। पूर्व में 8 डायलिसिस मशीनें सहित वर्तमान में कुल 18 डायलिसिस मशीनें हैं, मरीजों को बेहतर और अधिक कुशल उपचार प्रदान करने के लिए पूरी तरह से आधुनिकीकृत की गई है। वर्तमान में एम. वाय. चिकित्सालय इंदौर में किडनी की गंभीर बीमारी एवं अन्य रोगों से ग्रसित लगभग 450 मरीजों का प्रति माह हीमोडायलिसिस किया जाता है।

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अधिष्ठाता महात्मा गांधी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज एवं कार्यपालन अधिकारी प्रो. डॉ. अरविंद घनघोरिया, रोटरी क्लब इंदिरा नगर बैंगलोर की अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया कंधारी, महाराजा यशवंत राव चिकित्सालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक प्रो. डॉ. अशोक यादव, रीजनल बिजनेस हेड पीएनबी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड श्री पंकज श्रीवास्तव सीनियर नेफ्रोलॉजिस्ट न्यूयॉर्क यूएसए डॉ. निलय नाहर, भारतीय विद्या भवन इंदौर के चेयरमैन डॉ. जितेंद्र वर्मा, डायलिसिस यूनिट एम. वाय. चिकित्सालय के उप अधीक्षक एवं नोडल अधिकारी डॉ. योगेन्द्र झामरा उपस्थित में लोकार्पण किया गया।

महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय के वार्ड 29 को पूर्ण रूप से नवीन डायलिसिस मशीनों हेतु सुसज्जित कर आधुनिक रूप दिया गया है। चिकित्सालय में लगाई गई डायलिसिस मशीनों की लागत एक करोड़ रुपये है। एम. वाय. चिकित्सालय इन्दौर में ऐसे मरीज भी जो कि रक्त जनित रोगों से ग्रसित है, उनकी भी डायलिसिस की जायेगी, जिनका कोई प्रायवेट अस्पताल भी डायलिसिस नहीं करता है। पूर्व में डायलिसिस की प्रक्रिया प्रति मरीज की में ज्यादा समय लगता था, लेकिन इन आधुनिक मशीनों से काफी कम समय में मरीजों की डायलिसिस हो जायेगी, जिससे मरीजों का समय भी बचेगा। किडनी के सहीं तरीके से काम नहीं करने पर मरीजों के लिए डायलिसिस अनिवार्य होती है। अस्पताल में बड़ी संख्या में किडनी के मरीज उपचार के लिए आते हैं। वर्तमान में एम. वाय. चिकित्सालय में किडनी की गंभीर बीमारी एवं अन्य रोगों से ग्रसित लगभग 450 मरीजों का प्रति माह हीमोडायलिसिस किया जाता है। मरीजों की बीमारी की गंभीरता के अनुसार मशीनों को पृथक किया गया है, आयुष्मान मरीजों को पूर्णत: मुफ्त में इलाज दिया जाता है एवं अन्य मरीजों से मात्र 263 रुपये की रसीद ली जाती है। डायलिसिस के दौरान लगने वाली सामग्री और दवाईयां पूरी तरह मुफ्त में उपलब्ध करवाई जाती है। नवीन हिमोडायलिसिस यूनिट का उद्देश्य गंभीर गुर्दे की बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आधुनिक तकनीक के साथ उन्नत डायलिसिस सेवाएं प्रदान करना है। इस यूनिट का लक्ष्य डायलिसिस के लिए आवश्यक समय को कम करना है, जिससे अधिक मरीजों को डायलिसिस की सेवाएँ मिल सकें। महाराजा यशवंतराव चिकित्सालय में वर्तमान में कुल 18 नई डायलिसिस मशीनें हैं और मरीजों को बेहतर और अधिक कुशल उपचार प्रदान करने के लिए पूरी तरह से आधुनिकीकृत किया गया है।

नई उन्नत तकनीक युक्त मशीनों के साथ नई विस्तारित यूनिट जिसे की पूरी तरह आदर्श डायलिसिस यूनिट के रूप में लगभग 10 लाख रुपये के खर्च से सुसज्जित किया गया है, जिसमें की एम. वाय. चिकित्सालय इंदौर में डायलिसिस के लिए आने वाले मरीजों को ओर भी बेहतर तथा उन्नत इलाज मिलेगा। इस कार्यक्रम में एम.वाय. अस्पताल के सुपरिंटेंडेंट अशोक यादव ने कहा की अस्पताल में 8 डायलिसिस मशीनें पहले से मौजूद थी, 10 डायलिसिस मशीनें समेत कुल 18 डायलिसिस मशीनें हो गई है जो सभी कार्यरत है।

# नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल की थीम पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**इन्दौर।** जिला प्रशासन के निर्देशानुसार नवजात एवं शिशु स्वास्थ्य देखभाल की थीम पर इन्दौर जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) शासकीय आयुर्वेद औषधालय द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आंगनवाड़ी केंद्रों में किया गया। स्वास्थ्य शिविर में नवजात, शिशुओं व माताओं का स्वास्थ्य का परीक्षण एवं नि:शुल्क औषधी वितरण की गई। माताओं को उनके स्वास्थ्य से संबंधित स्वच्छता, शिशुओं की देखभाल, आहार विहार, टीकाकरण, मानसिक स्वास्थ्य, स्तनपान के लाभ प्रदान करते हुए सभी प्रकार की आवश्यक जानकारी दी गई। शिविर में हर्बल गार्डन, दिनचर्या, ऋतुचर्या, घरेलू मसालों औषधियों आदि की जानकारी एवं शुगर, बीपी, हीमोग्लोबिन की जांच तथा आयुर्वेदिक औषधि वितरित भी किया गया। 21 जून योग दिवस की जानकारी प्रदान कर योग के लिए प्रेरित किया गया। उक्त जानकारी जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया ने दी।

# होलिका दहन, धूलेंडी और रंग पंचमी के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्यपालिक दंडाधिकारियों की तैनाती

## कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा आदेश जारी

**◆इंदौर, सोने की कलम। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह ने इंदौर जिले में होलिका दहन, धूलेंडी और रंग पंचमी के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में समन्वय आदि व्यवस्थाओं के लिए कार्यपालिका दण्डाधिकारियों की ड्यूटी लगाई है।**

उक्त अधिकारी अपने अनुविभागीय क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखेंगे। संबंधित पुलिस अधिकारियों से निरंतर संपर्क में रहेंगे। अपने अधीनस्थ तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के सहयोग से संबंधित थाना क्षेत्र में उक्त कार्य संपादित करवायेंगे। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी अपने अनुविभाग अंतर्गत कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपने स्तर से अन्य कार्यपालिक दंडाधिकारियों की ड्यूटी भी लगाएंगे। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री आशीष सिंह द्वारा जारी आदेश के अनुसार डॉ. अंबेडकर नगर महू के लिए एसडीएम श्री राकेश परमार, सांवेर के लिए एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, देपालपुर के लिए श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, हातोद के लिए एसडीएम श्री रवि वर्मा, खुड़ेल के लिए एसडीएम श्री नीरज खरे, राऊ के लिए एसडीएम श्री गोपाल सिंह वर्मा, कनाड़िया के लिए एसडीएम श्री ओम नारायण सिंह बड़कुल, मल्हारगंज क्षेत्र के लिए एसडीएम डॉ. निधि वर्मा, जूनी इंदौर क्षेत्र के लिए एसडीएम श्री प्रदीप सोनी तथा बिचोली हप्सी क्षेत्र के लिए एसडीएम श्री अजय भूषण शुक्ला को जवाबदारी दी गई है।

# सभी शासकीय कार्यालयों में लागू होगी ई-ऑफिस प्रणाली



◆इंदौर, सोने की कलम। राज्य शासन के निर्देशानुसार इंदौर जिले के सभी शासकीय कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली लागू होगी। इसके लिए तैयारियां शुरू हो गई है। इस संबंध में कलेक्टर श्री आशीष ?सिंह के निर्देश पर शासकीय कार्यालयों के अधिकारी-कर्मचारियों को राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र(एनआईसी) द्वारा चरणबद्ध रूप से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी सिलसिले में हाल ही में कलेक्टर कार्यालय में सम्पन्न हुआ। इसमें राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के निदेशक श्री शैलेन्द्र कुमार नाहर द्वारा ई-ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न कार्यों तथा उनके उपयोग के बारे में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली से दस्तावेज तैयार करने, अनुमोदन करने, फाइलिंग एवं ट्रैकिंग करने के बारे में जानकारी दी गई।

# गोपाल मंदिर के सभी दुकानदार 31 मार्च तक दुकानों की प्रीमियम राशि एवं लीज एग्रीमेंट संपादित करायें




◆इंदौर, सोने की कलम। संभागायुक्त श्री दीपक सिंह ने गोपाल मंदिर में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर संभागायुक्त कार्यालय में बैठक ली। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्रीमती सपना लोवंशी, उपायुक्त श्रीमती शैली कनास, संयुक्त कलेक्टर माफी अधिकारी श्रीमती कल्याणी पांडेसहित इंदौर स्मार्ट सिटी डेव्हलमेंट लिमिटेड के असिस्टेंट इंजीनियर्स विशेष रूप से उपस्थित थे। बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों से गोपाल मंदिर में चल रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की।

बैठक में संभागायुक्त श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि व गोपाल मंदिर कॉम्पलेक्स की दुकानों की आवंटन की प्रक्रिया विधिवत रूप से संपादित करायें। बैठक में संभागायुक्त श्री ?सिंह ने माफी अधिकारी श्रीमती कल्याणी पांडे को निर्देशित किया कि 31 मार्च तक अनिवार्य रूप से समस्त आवंटित दुकानों की प्रीमियम राशि एवं लीज एग्रीमेंट को संपादित कराना सुनिश्चित करें। 31 मार्च उपरांत रिक्त दुकानें एवं निविदाएं निरस्त की गई तो उन दुकानों की निविदा इंदौर स्मार्ट सिटी डेव्हलपमेंट लिमिटेड द्वारा पुनः निविदा आमंत्रित की जायेगी।

संभागायुक्त श्री दीपक सिंह के निर्देशन में विभिन्न एजेंसियों द्वारा जिन शासकीय मंदिरों का संधारण एवं जीर्णोद्धार किया जा रहा है, उनसे दान राशि प्राप्त किये जाने हेतु मंदिरों में क्यूआर कोड़ लगाने के निर्देश भी दिये गए है। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों ने अपने सुझाव एवं विचार रखें।

# ऊर्जस एप से भी उपभोक्ताओं की बिजली आपूर्ति संबंधी मदद

इन्दौर। मप्र के ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के निर्देश एवं पश्चिम विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में उपभोक्ता सेवाओं का कुशलतापूर्वक संचालन किया जा रहा हैं। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी का ऊर्जस एप भी प्रतिदिन सैकड़ों बिजली उपभोक्ताओं की आपूर्ति बहाली में मदद कर रहा हैं। वाट्सएप, सोशल मीडिया, ऊर्जस एप, केंद्रीयकृत कॉल सेंटर 1912, जोन वितरण केंद्रों के लोकल कॉल सेंटर इत्यादि माध्यमों से उपभोक्ताओं की शिकायतों का समय पर समाधान हो रहा है। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर के मुख्य महाप्रबंधक श्री प्रकाश सिंह चौहान ने उपभोक्ता सुविधाओं, शिकायत निवारण प्रकिया की दैनिक समीक्षा की जाती है। श्री चौहान ने बताया कि आपूर्ति संबंधी शिकायतों का निराकरण भी समय सीमा में किया जा रहा है। वाट्सएप, सोशल मीडिया, ऊर्जस एप, कॉल सेंटर 1912 के साथ ही जोन, वितरण केंद्रों के नंबर पर या इन स्थानों पर पहुंचकर शिकायत दर्ज कराने वालें प्रकरणों में भी तुरंत संज्ञान लिया जा रहा हैं। आपूर्ति संबंधी शिकायतों का समय पर समाधान कर प्रत्येक शिकायत कर्ता को निराकरण की पुष्टि के लिए फोन भी लगाया जाता है, ताकि संतुष्टि का स्तर अधिकतम बना रहे। श्री चौहान ने बताया कि कॉल सेंटर के अलावा पिछले चौबीस घंटों में वाट्स एप के माध्यम से 3, ऊर्जस एप से 327, सोशल मीडिया जैसे फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स के माध्यम से 5 उपभोक्ताओं की आपूर्ति संबंधी शिकायतों के समाधान किया गया हैं। ऊर्जस एप से आपूर्ति संबंधित मदद पाने वालों में इंदौर शहर के सबसे ज्यादा 263 उपभोक्ता शामिल हैं। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन 500 उपभोक्ताओं को फोन कर बिजली सेवाओं संबंधी फीडबैक भी लिया जा रहा हैं।

# आयुष्मान भारत के हेल्पलाइन नम्बर की सुविधाओं का विस्तार

**◆इंदौर, सोने की कलम। आयुष्मान भारत निरामयम् योजना के अंतर्गत स्थापित हेल्पलाइन नम्बर की सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इसमें अनेक सुविधाएं जोड़ी गई हैं, जिनका लाभ कार्डधारी सहजता से ले सकते हैं। आयुष्मान भारत निरामयम हेल्पलाइन (1800-233-2085) पर उपलब्ध सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए इन्दौर जिले को पायलेट प्रोजेक्ट के तहत लिया गया हैं। राज्य स्वास्थ्य एजेंसी मध्यप्रदेश, विलियम जे क्लिंटन फाउंडेशन के सहयोग से आयुष्मान भारत मिशन के विभिन्न घटकों को मजबूत करने के लिए यह सुविधा प्रारंभ की जा रही है।**

बताया गया कि आयुष्मान भारत योजना के कार्डधारी हितग्राही द्वारा हेल्पलाइन 18002332085 पर कॉल करके अपनी स्वास्थ्य संबंधित समस्या की जानकारी टेली कॉलर को दी जा सकेगी। टेली कॉलर द्वारा हितग्राही के निकटतम स्वास्थ्य संस्था में उपलब्ध चिकित्सक से अपॉइंटमेंट लेकर हितग्राही को सूचना दी जायेगी, जिससे की हितग्राही निर्धारित समय पर सीधे चिकित्सक के पास पहुंच कर परामर्श प्राप्त कर सकेंगे। हितग्राहियों का आभा आई.डी. पंजीयन कर उपचार का डिजिटल रिकार्ड संधारित करने में भी सहायता मिल सकेगी। योजना के अंतर्गत इंदौर जिले में लक्ष्य के विरुद्ध 114 प्रतिशत कार्ड बन चुके है।

# भारत निर्वाचन आयोग चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाने पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं से करेगा बातचीत

इन्दौर। भारत निर्वाचन आयोग ने कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री राजेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया है कि आयोग ने सभी राष्ट्रीय और प्रदेश स्तरीय राजनीतिक दलों से ईआरओ, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर पर अनिराकृत मुद्दों के लिए 30 अप्रैल, 2025 तक सुझाव भी मांगा है। आयोग ने इस संबंध में राजनीतिक दलों को व्यक्तिगत रूप से पत्र भी जारी किया है।

उल्लेखनीय है कि पिछले सप्ताह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक सम्मेलन किया गया था। जिसमें भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ बैठक की थी, जिसमें उन्होंने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित तौर पर बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को सख्ती से कानूनी दायरे के भीतर हल करने के निर्देश दिए थे। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का आग्रह भी किया है। राजनीतिक दल, 28 हितधारकों में से एक है, जिन्हें संविधान और वैधानिक ढांचे के तहत चुनावी प्रक्रियाओं से जुड़े सभी पहलुओं में आयोग द्वारा मान्यता दी गई है।

# दो दिनों से दिन का पारा 37 डिग्री पार

## दोपहर को सताने लगी गर्मी; आज तापमान में और इजाफा होने के आसार

◆इंदौर, सोने की कलम।

इंदौर में मार्च के दूसरे हफ्ते में मौसम का रुख कड़ा होता जा रहा है। पिछले दो दिनों से दिन का पारा 37 डिग्री से ज्यादा रिकॉर्ड हुआ है। इस दौरान 12 बजे से शाम 4 बजे तक खासी गर्मी का एहसास हो रहा है।

इन दिनों आसमान साफ होने से गर्मी का असर दिखाई दे रहा है। गुरुवार सुबह से भी मौसम साफ है। मौसम वैज्ञानिकों ने एक-दो दिन तापमान और इजाफा होने का अनुमान जताया है।



इंदौर में 5 मार्च को दिन का तापमान 28.4 (-4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। इसके बाद से लगातार इजाफा हो रहा है। 11 मार्च को दिन का तापमान 37.3 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। 12 मार्च को भी तापमान लगभग इतना ही 37.2 (+4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात का तापमान इन दिनों 20 डिग्री के करीब रिकॉर्ड हो रहा है।

### इंदौर में 41.1 डिग्री तक पहुंच चुका पारा

इंदौर में मार्च से गर्मी का असर तेज होने लगता है। यहां दिन का पारा 41.1 डिग्री तक पहुंच चुका है, जो 28 मार्च 1892 को दर्ज किया गया था। 4 मार्च 1898 को रात में पारा 5 डिग्री सेल्सियस तक रहा था। 24 घंटे में करीब एक इंच बारिश होने का रिकॉर्ड है, जबकि पूरे महीने में दो इंच पानी गिर चुका है। मौसम विभाग के अनुसार मार्च में 2 से 3 दिन बारिश होती है। कभी-कभी धूल भरी हवा की रफ्तार भी तेज होती है।

## प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना का दूसरा चरण

### शुरू, 31 मार्च तक कर सकते हैं अप्लाई

◆इंदौर, सोने की कलम।

**केंद्रीय बजट 2024-25 में शुरू की गई प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना (पीएमआईएस) के अंतर्गत 21 से 24 वर्ष की आयु के एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप प्रदान की जानी है। यह योजना 12 महीने की अवधि के लिए विभिन्न उद्योगों में वास्तविक जीवन के कारोबारी माहौल से रूबरू कराएगी।**

इस योजना को कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय और भारतीय कॉर्पोरेट कानून सेवा (आईसीएलएस) कैडर के अधिकारियों ने कार्यान्वित किया है। अधिकारियों के मुताबिक योजना का उद्देश्य भारत को 'विश्व की कौशल राजधानी' बनाना है।

योजना के पायलट चरण को लेकर आवेदनों की प्रक्रिया शुरू हो गई है। दूसरे चरण में भारत के 730 से अधिक जिलों में शीर्ष कंपनियों में एक लाख से भी अधिक इंटर्नशिप के अवसर युवाओं को प्रदान किए जाएंगे। आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 तक बढ़ा दी गई है।




आवेदक अधिकतम तीन इंटर्नशिप के लिए आवेदन कर सकता है। कोई भी उम्मीदवार भारत में कहीं भी किसी भी इंटर्नशिप के लिए आवेदन करने के लिए स्वतंत्र है। क्षेत्रीय कार्यालय अहमदाबाद में आने वाले चार राज्यों में शीर्ष कंपनियों ने 25 हजार 338 इंटर्नशिप अवसर प्रदान किए हैं।

अकेले मध्य प्रदेश में ही कुल पांच हजार 220 इंटर्नशिप अवसर हैं, जो देश की शीर्ष कंपनियों द्वारा अलग-अलग जिलों में पेश किए जा रहे हैं। पावर ग्रिड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड, नार्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड, जुबिलेंट फुडवर्क्स लिमिटेड और एनएचडीसी लिमिटेड जैसी अग्रणी कंपनियां इस दौर में मध्य प्रदेश में इंटर्नशिप के प्रस्ताव रख रही हैं।

### पुलिस की हिदायत

## रंगों से दिक्कत तो मस्जिदें ढक लें

### महू में छतों पर भी नजर; होली पर इंदौर में 2 हजार का फोर्स तैनात

◆इंदौर, सोने की कलम।

**महू में रविवार रात हुए विवाद के बाद पुलिस हाई अलर्ट पर है। 21 जगहों पर होलिका दहन होना है। इन इलाकों के आसपास जहां-जहां मस्जिदें हैं, वहां पुलिस ने मुस्लिम समुदाय से कहा है कि यदि होली के रंगों से दिक्कत हो तो उन्हें प्लास्टिक से कवर कर दें।**



इंदौर और महू में पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगा दी गई है। ड्रोन से इलाकों में निगरानी रखी जाएगी। संवेदनशील इलाकों में पुलिस फिक्स पॉइंट रहेगी। यानी पुलिस यहां पूरे समय तैनात रहेगी। गुरुवार शाम से ही पुलिस फोर्स इलाकों में तैनात हो जाएगा। इससे पहले त्योहार को देखते हुए बुधवार रात को पुलिस ने इंदौर के संवेदनशील इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला।

दरअसल, 9 मार्च की रात भारत-न्यूजीलैंड मैच में भारत की जीत के बाद महू में दो पक्षों में जमकर विवाद हुआ था। उत्पातियों ने गाड़ियों में तोड़फोड़, आगजनी, पत्थरबाजी कर दी। जमकर हंगामा चला। पुलिस ने स्थिति पर काबू पाने के लिए

ड्रोन से इलाकों में की जाएगी निगरानी

एएसपी रूपेश द्विवेदी ने बताया कि महू में गुरुवार को प्रमुख रूप से 21 जगह होलिका दहन होगा। इसके अलावा कई लोग घरों के बाहर भी होलिका दहन करेंगे। त्योहार को देखते हुए महू में पुलिस मुस्तैद है। पिछले 3 दिनों से ड्रोन से नजर रखी जा रही है। होली के दिन भी ड्रोन से नजर रखी जाएगी। सभी जोन में 2-2 ड्रोन रहेंगे। 3 से ज्यादा ड्रोन से होली पर संवेदनशील इलाकों में नजर रखी जाएगी। घरों की छतों पर होने वाली मूवमेंट पर भी नजर रखेंगे।

महू की घटना को देखते हुए इंदौर में भी सख्ती रहेगी। अगर कोई भी असामाजिक तत्व किसी भी प्रकार की हरकत करेंगे तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। तनाव की स्थिति बनती है तो रिजर्व बल भी रहेगा जो तत्काल स्थिति को संभालेगा और सख्ती से निपटा जाएगा।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक चेतन गन्धे के लिए चेतन ग्राफिक्स, 135, नगर निगम मार्केट, सुभाष मार्ग, वीआईपी स्टेशनरी के सामने, इंदौर (म.प्र.) से मुद्रित एवं 109, बाणगंगा मेनरोड, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक: चेतन गन्धे, मो. : 9893157809 Email : sonekikalam@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा।)